
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

पुण्यतिथि विशेष

**07 मार्च 2026**

# Teachers of Bihar

The Change Makers


## आज का सुविचार

शिक्षा, कर्तव्य-पालन और राष्ट्रीय चरित्र के

निर्माण ही देश की प्रगति का मूल आधार है ।

**पंडित गोविंद बल्लभ पंत**

**( स्वतन्त्रता सेनानी )**



जन्म : **10** सितंबर **1887** मृत्यु : **07** मार्च **1961**

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

7 मार्च


मधु प्रिया

## अज्ञेय का जन्म 7 मार्च



सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन "अज्ञेय" का जन्म 7 मार्च,1911 को हुआ था। कवि, कथाकार, ललित-निबन्धकार, सम्पादक और सफल अध्यापक थे। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के कुशीनगर में हुआ। बचपन लखनऊ, कश्मीर, बिहारऔर मद्रास में बीता। प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा पिता की देख रेख में घर पर ही संस्कृत, फारसी, अंग्रेजी और बांग्ला भाषा व साहित्य के अध्ययन के साथ हुई। बी.एस.सी. करके अंग्रेजी में एम.ए. करते समय क्रांतिकारी आन्दोलन से जुड़ गये। 1930 से 1936 तक विभिन्न जेलों में कटे। पत्र, पत्रिकायों से भी जुड़े रहे । 1964 में आँगन के पार द्वार पर उन्हें साहित्य अकादमी का और 1978 में कितनी नावों में कितनी बार पर भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला। इनकी प्रमुख कृतियां हैं; कविता संग्रह: भग्नदूत 1933, चिन्ता 1942, इत्यलम् 1946, हरी घास पर क्षण भर 1949, बावरा अहेरी 1954, इन्द्रधनु रौंदे हुये ये 1957, अरी ओ करूणा प्रभामय 1959, आँगन के पार द्वार 1961, कितनी नावों में कितनी बार (1967), क्योंकि मैं उसे जानता हूँ (1970), सागर मुद्रा (1970), पहले मैं सन्नाटा बुनता हूँ (1974), महावृक्ष के नीचे (1977), नदी की बाँक पर छाया (1981), ऐसा कोई घर आपने देखा है (1986), प्रिज़न डेज़ एण्ड अदर पोयम्स (अंग्रेजी में,1946)। कहानियाँ: विपथगा 1937, परम्परा 1944, कोठरीकी बात 1945, शरणार्थी 1948, जयदोल 1951; चुनी हुई रचनाओं के संग्रह: पूर्वा (1965), सुनहरे शैवाल (1965), अज्ञेय काव्य स्तबक (1995), सन्नाटे का छन्द, मरुथल; संपादित संग्रह: तार सप्तक, दूसरा सप्तक, तीसरा सप्तक, पुष्करिणी (1953) । आपने उपन्यास, यात्रा वृतान्त, निबंध संग्रह, आलोचना, संस्मरण, डायरियां, विचार गद्य: और नाटक भी लिखे। इनका निधन 4 अप्रैल 1987 को हुआ।

# पुण्यतिथि विशेष 07 मार्च




**पण्डित गोविन्द बल्लभ पन्त** या **जी॰बी॰ पन्त** (जन्म 10 सितम्बर 1887 - 7 मार्च 1961) प्रसिद्ध स्वतन्त्रता सेनानी और वरिष्ठ भारतीय राजनेता थे। वे उत्तर प्रदेश राज्य के प्रथम मुख्य मन्त्री और भारत के चौथे गृहमन्त्री थे। सन 1957 में उन्हें भारतरत्न से सम्मानित किया गया। गृहमन्त्री के रूप में उनका

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

राकेश कुमार
मध्य विद्यालय बलुआ
मनेर ( पटना )

## माह: MARCH 2026

| | |
|---|---|
| **प्रथम शनिवार**<br>दिनांक **07.03.2026** | अगलगी से खतरे एवं बिजली के घात से बचाव के संदर्भ में जानकारी।  |
| **द्वितीय शनिवार**<br>दिनांक **14.03.2026** | चक्रवाती तूफान / आँधी से खतरे एवं इससे बचाव के बारे में जानकारी  |
| **तृतीय शनिवार**<br>दिनांक **21.03.2026** | भूंकप से खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी (मॉकड्रिल)  |
| **चतुर्थ शनिवार**<br>दिनांक **28.03.2026** | मस्तिष्क ज्वर, **AES/JE** से बचाव के बारे में जानकारी  |

## बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

www.teachersofbihar.org

# बिहार दिवस विशेष

**07 मार्च**

## आइए, अपने बिहार को जाने !

**01 मार्च से 22 मार्च**



नीतीश कुमार
बिहार के मुख्यमंत्री





आरिफ़ मोहम्मद ख़ान
बिहार के राज्यपाल

### 7. जल मंदिर पावापुरी



बिहार के नालंदा जिले में स्थित पावापुरी जल मंदिर जैन धर्म का एक अत्यंत पवित्र तीर्थ स्थल है, जो **24**वें तीर्थंकर भगवान महावीर की निर्वाण (मोक्ष) स्थली माना जाता है। यह सफेद संगमरमर का मंदिर एक विशाल तालाब के बीचों-बीच स्थित है, जिसे **600** फीट लंबे पुल के द्वारा पहुंचा जा सकता है। यह कमल के फूलों से घिरा, शांति और स्थापत्य कला का अद्भुत संगम है।

राकेश कुमार

TOB खेल कॉर्नर

# ICC विमेंस वनडे बैटर्स रैंकिंग

| रैंक | प्लेयर | देश | पॉइंट्स |
|---|---|---|---|
| 1 | स्मृति मंधाना | भारत | 790 |
| 2 | लौरा वोल्वार्ट | साउथ अफ्रीका | 782 |
| 3 | बेथ मूनी | ऑस्ट्रेलिया | 749 |
| 4 | एलिसा हीली | ऑस्ट्रेलिया | 744 |
| 5 | एश्ले गार्डनर | ऑस्ट्रेलिया | 724 |
| 6 | नैट सिवर-ब्रंट | इंग्लैंड | 714 |
| 7 | फिबी लिचफील्ड | ऑस्ट्रेलिया | 674 |
| 8 | सोफी डिवाइन | न्यूजीलैंड | 669 |
| 9 | हरमनप्रीत कौर | भारत | 652 |
| 10 | हेली मैथ्यूज | वेस्टइंडीज | 650 |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **07.03.2026**

## सक्रिय रिकॉल

सक्रिय रिकॉल **(Active Recall)** सीखने की एक वैज्ञानिक तकनीक है जिसमें आप जानकारी को केवल पढ़ने या हाइलाइट करने के बजाय, उसे सक्रिय रूप से अपनी याददाश्त से बाहर निकालने **(Retaining)** का प्रयास करते हैं। यह दिमाग को चुनौती देता है, जिससे न्यूरल कनेक्शन मजबूत होते हैं और जानकारी लंबे समय तक याद रहती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**धारी देवी मंदिर** अलकनंदा नदी के बीच स्थित है और इसे चार धाम की रक्षक माना जाता है। कहा जाता है कि **देवी** की प्रतिमा दिन में **अलग-अलग रूप** में दिखाई देती है, सुबह बालिका, दोपहर में युवती और शाम को **वृद्धा** के रूप में।



राकेश कुमार

Teachers
Of
Bihar

# आओं सीखें

## आवेदन (Application)

आवेदन वह पत्र होता है जिसमें किसी व्यक्ति या संस्था से अनुमति, सहायता, सुविधा या किसी कार्य के लिए निवेदन किया जाता है।इसमें निवेदन या अनुरोध किया जाता है।भाषा विनम्र और प्रार्थनात्मक होती है। यह आमतौर पर अधिकारी, प्रधानाचार्य, कार्यालय या संस्था को लिखा जाता है। अंत में प्रार्थना या आशा व्यक्त की जाती है।

उदाहरण:

"महोदय, निवेदन है कि मुझे 2 दिन की छुट्टी प्रदान करने की कृपा करें।"

VS

## प्रतिवेदन (Report)

प्रतिवेदन किसी घटना, कार्य, कार्यक्रम या जाँच के बारे में तथ्यों के आधार पर जानकारी देने वाला लेख होता है। इसमें किसी घटना या कार्य का विवरण दिया जाता है। भाषा स्पष्ट, तथ्यात्मक और निष्पक्ष होती है। इसमें निवेदन नहीं होता, केवल जानकारी होती है।अक्सर विद्यालय, कार्यालय या समाचार के रूप में लिखा जाता है।

उदाहरण:

"दिनांक 5 मार्च को विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी छात्रों ने भाग लिया।"

**संक्षेप में :-**

- **आवेदन = किसी से अनुरोध करने के लिए लिखा जाता है।**
- **प्रतिवेदन = किसी घटना या कार्य की जानकारी देने के लिए लिखा जाता है।**

# पद्य पंकज

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

"

जो अप्राप्य है
उसे पा लेना कठिन नहीं,
परन्तु,जो प्राप्त था, उसे
खोकर फिर पाना अत्यधिक कठिन है।

**महादेवी वर्मा**

Madhu priya


www.padyapankaj.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR

THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



## प्राथमिक विद्यालय गौसगंज
आरा नगर, भोजपुर

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



## प्राथमिक विद्यालय रौना
गायघाट, मुजफ्फरपुर

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



राजकीय प्राथमिक विद्यालय बथनाहा
मेहसी,पूर्वी चंपारण

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar





## मध्य विद्यालय नावकोठी
### बेगूसराय

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# जयंती पर नमन।



7 मार्च 1911 - 4 अप्रैल 1987

## सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'

www.teachersofbihar.org

Madhu priya